# 340 मीटर सड़क बनाने के लिए आठ माह, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के मुंडका विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव मुबारकपुर डबास के एमसीडी स्कूल से मुंडका कराला मार्ग स्थित मुबारकपुर क्रासिंग तक करीब 340 मीटर की सड़क को बनाने के लिए करीब आठ माह का समय निर्धारित किया है। जोकि आसपास के स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है।

चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम ने इस मार्ग को नए सिरे से बनाने और इसके साथ साथ नाला बनाने के लिए इसी महीने एक करोड़ 52 लाख रुपए का टेंडर किया है लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि इस सड़क को बनाने के लिए दिल्ली नगर निगम ने आठ माह का समय दिया है। क्या 340 मीटर सड़क बनाने के लिए आठ माह का समय उपयुक्त है। चौगामा विकास समिति के महासचिव डबास ने बताया कि यह मार्ग पिछले पांच वर्षों से बुरी तरह टूटा हुआ है। और दिल्ली नगर निगम महापौर से सवाल किया है कि निगम में इतने बड़े इंजीनियर बैठे हैं उनको यह जानकारी नहीं है कि गांव मुबारकपुर डबास और उसके आसपास की आबादी पिछले पांच वर्षों से इसी सड़क की वजह से सार्वजनिक परिवहन सेवा से वंचित है।

### उपराज्यपाल, मुख्य सचिव से की जांच की मांग

डबास ने दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्य सचिव से अनुरोध है कि इसकी जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। क्योंकि 340 मीटर की सड़क के लिए आठ माह का समय देना कहां तक उचित है। जबकि यहां आसपास के गांव व दर्जनों कॉलोनियों के नागरिक लंबे समय से सड़क बनने की आस लगाए बैठे हैं। उसमें इतनी लापरवाही कैसे बर्दाश्त की जाएगी। इसकी जांच होनी चाहिए और इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर एक महीने के अंदर इस सड़क को बनाया जाना चाहिए।

# एलजी ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश की आजादी के लिए युवा अवस्था में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर शनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नमन किया। एलजी ने तीनों शहीदों के सम्मान में अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म मंच पर फोटो सहित पोस्ट कर लिखा है कि भारत की आजादी का सपना लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान क्रांतिकारी, अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को शत शत नमन और श्रद्धांजलि। हमारी युवा पीढ़ी में देश प्रेम और राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करने के लिए राष्ट्र सदैव आपका कृतज्ञ रहेगा। वहीं, दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर जयप्रकाश ने बताया कि 23 मार्च शहीदी दिवस हम सबके लिए एक प्रेरणादाई दिन है। हम सबको अपने वीर स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने हंसते-हंसते देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी, उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व महापौर ने प्रताप नगर के अंदर स्थित शहीदों की मूर्तियों पर मालार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व महापौर जयप्रकाश के साथ संजीव सभरवाल, नितेश राजपूत, देवेंद्र नागर, जसप्रीत अहलूवालिया सहित क्षेत्र एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सूरज होने लगा लाल, पारा जाएगा 36 पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिन प्रतिदिन सूरज लाल से और लाल होता जा रहा है, जिसके चलते पारा चढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिल्ली के रिज एरिया में अधिकतम पारा 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ इस मौसम का सबसे ज्यादा है। जबकि ऑवर ऑल दिल्ली का अधिकतम पारा 34.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने संभावना जताई है कि आज हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि मौसम बदल रहा है, जिसके चलते दिल्ली में गर्मी बढ़ने लगी है। रविवार को दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। लेकिन होली के दिन तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं दो दिन बाद बुधवार-गुरुवार को दिल्ली में बादल छाए रहेंगे तेज हवाएं भी चल सकती है।

### नोएडा :आठवीं कक्षा का छात्र दो दिन से लापता

**नई दिल्ली/नोएडा।** थाना सेक्टर -113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में स्थित यदू पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा का 15 वर्षीय छात्र बृहस्पतिवार से स्कूल से लापता है। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि रमेश तिवारी नामक व्यक्ति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बेटा विश्वास तिवारी 21 मार्च को पेपर देने के लिए स्कूल गया था, लेकिन स्कूल से बाहर निकालने के बाद वह घर नहीं आया। कुमार ने बताया कि पुलिस शिकायत दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### होली: दोपहर दो बजे के बाद चलेगी नोएडा मेट्रो

**नई दिल्ली/नोएडा।** होली के अवसर पर नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो पर यात्री सेवाएं 25 मार्च को दोपहर दो बजे से शुरू होंगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) ने बताया कि दोपहर दो बजे के बाद ट्रेन 15 मिनट की सामान्य अवधि पर उपलब्ध होंगी। एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक लोकेश एम. ने कहा कि होली के अवसर पर - 25 मार्च, 2024 (सोमवार) दोपहर दो बजे तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने कहा कि मेट्रो ट्रेन सेवाएं एक्वा लाइन पर दोनों टर्मिनल स्टेशन से दोपहर दो बजे शुरू होंगी और उसके बाद 15 मिनट की आवृत्ति पर सामान्य रूप से जारी रहेंगी।

### ईडी का आरोप- लाभ के बदले में आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपये की दी थी रिश्वत

# आबकारी नीति मामला : बीआरएस नेता के कविता की ईडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कविता की हिरासत पांच दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था।

ईडी ने आरोप लगाया है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता 'साउथ ग्रुप' का हिस्सा थीं, जिसने 2021-22 के लिए आबकारी नीति के तहत लाभ के बदले में दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। यह नीति अब रद्द हो चुकी है। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि कविता का सामना चार लोगों के बयानों से कराया गया और उनसे जांच के दौरान सामने आई जानकारी के आधार पर सवाल किए गए। जांच एजेंसी ने कहा कि उनके (कविता) फोन की फॉरेंसिक रिपोर्ट को लेकर भी सवाल किए गए, क्योंकि रिपोर्ट में पाया गया कि जांच के दौरान बीआरएस नेता ने अपने फोन से सारा डेटा डिलीट कर दिया था। ईडी ने कहा कि 15 मार्च को गिरफ्तार व्यक्ति (कविता) के परिसर में की गई तलाशी के दौरान, मेका सरन (कविता के करीबी रिश्तेदार) का एक मोबाइल जब्त किया गया है। जांच से पहले सरन को पेश होने के लिए दो बार बुलाया गया था। हालांकि, वह उपस्थित होने में विफल रहे हैं। संघीय एजेंसी ने दावा किया कि पिछले सप्ताह की जांच से पता चला है कि सरन अपराध से अर्जित आय के हस्तांतरण या उपयोग में शामिल थे। ईडी ने अपने रिमांड आवदेन में कहा कि सरन द्वारा अपराध की आय के कथित हस्तांतरण/उपयोग और गिरफ्तार व्यक्ति (कविता) की भूमिका का विवरण प्राप्त करने के लिए समीर महेंद्रू से आगे की पूछताछ के वास्ते इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया गया है। सुनवाई के दौरान कविता के वकील नीतीश राणा ने जमानत याचिका दायर की, जिसके बाद ईडी के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी मामले की गहन जांच के स्तर पर हैं और सुनवाई की अगली तारीख पर जमानत पर आदेश पारित किया जा सकता है। राणा ने कहा कि जमानत पर जवाब दाखिल करने के लिए पांच दिन काफी हैं। मैं इस पर दबाव नहीं डाल रहा हूं। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य 46 वर्षीय कविता को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## कविता का भतीजा दिल्ली शराब 'घोटाले' से प्राप्त आय की हेराफेरी और इस्तेमाल में शामिल : ईडी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार के लिए आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता का एक भतीजा दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गैर-कानूनी रकम या अपराध से अर्जित आय को इधर-उधर करने में 'शामिल' है। केंद्रीय एजेंसी ने यहां धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा को सूचित किया कि उसने इस मामले में पिछले सप्ताह कविता से पूछताछ के दौरान उनके रिश्तेदार मेका श्री सरन की भूमिका सामने आने के बाद शनिवार को उनके (सरन के) परिसरों की तलाशी ली। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की 46-वर्षीया बेटी कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था और शनिवार को उनकी हिरासत बढ़ाने के लिए उन्हें अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने कविता को 26 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। कविता ने अदालत में अपनी पेशी के दौरान संवाददाताओं से कहा कि यह एक फर्जी और झूठा मामला है... हम लड़ रहे हैं। चुनाव के दौरान इतने सारे नेताओं को गिरफ्तार करना गलत बात है और निर्वाचन आयोग को हस्तक्षेप करना चाहिए तथा देश में लोकतंत्र की रक्षा करनी चाहिए। ईडी और दिल्ली पुलिस कर्मियों के सुरक्षा घेरे के बीच उन्होंने कहा कि लोगों को यह भी सोचना चाहिए कि चुनाव के दौरान इतने सारे नेताओं को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है। एजेंसी ने कविता की हिरासत अवधि बढ़ाये जाने के अनुरोध संबंधी अपने दस्तावेज के हवाले से अदालत को बताया कि उसने 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स में बीआरएस नेता कविता के घर पर तलाशी के दौरान सरन का एक मोबाइल उपकरण जब्त किया था। ईडी ने अदालत को सूचित किया कि सरन को पूछताछ के लिए दो बार बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित होने में विफल रहे। एजेंसी ने कहा कि पिछले सात दिनों में जांच के दौरान यह पाया गया कि सरन ₹इंडो स्पिरिट्स से अपराध की आय के हस्तांतरण/उपयोग में शामिल था। ईडी ने कहा कि चूंकि इस मामले की जांच के लिए प्रासंगिक जानकारी सरन के पास उपलब्ध है और वह जांच एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में 23 मार्च को पीएमएलए की धारा 17 के तहत उनके परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। इंडो स्पिरिट्स को विधान पार्षद कविता, वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, उनके बेटे राघव मगुंटा और शराब व्यवसायी एवं इंडो स्पिरिट्स के प्रवर्तक समीर महेंद्रू ने बनाया है। ईडी ने अदालत से सरन द्वारा अपराध की आय के कथित हस्तांतरण/उपयोग का विवरण प्राप्त करने और गिरफ्तार नेता (कविता) की भूमिका का पता लगाने के लिए समीर महेंद्रू से आगे की पूछताछ के लिए उसकी अर्जी को स्वीकार करने का भी अनुरोध किया। ईडी ने इसी मामले में महेंद्रू को भी पहले गिरफ्तार किया था। ईडी ने कहा कि यह ₹ध्यान देना महत्वपूर्ण₹ है कि सरन कविता के करीबी रिश्तेदार हैं और वह भी 15 मार्च को ईडी की ओर से मारे गये छापे के दिन मौके पर मौजूद थे।

# राजधानीवासियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के नरेला स्थित आर्य समाज के तत्वाधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती के आयोजनों की श्रृंखला में होली मिलन एवं सम्मान समारोह - 2024 का आयोजन शनिवार को चौधरी रामदेव चौक स्थित आर्य समाज मन्दिर परिसर में किया गया।

आर्य समाज नरेला के प्रधान संजय खत्री ने बताया कि यह आयोजन समस्त आर्य समाज अधिकारी और सदस्यों के सहयोग से हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करने वाले प्रतियोगियों और क्षेत्र के लिए बेहतर योगदान देने वालों का सम्मान किया। उन्होंने बताया कि यज्ञ करने के बाद चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। महर्षि दयानन्द सरस्वती शहीद भगत सिंह, स्वामी ओमानन्द सरस्वती विषय पर चित्रकला और ' महर्षि दयानन्द सरस्वती का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान ' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान विजय आनन्द (भजनोपदेशक फिरोजपुर, पंजाब वाले) ने देशभक्ति गीत, भजन प्रस्तुत किए। साथ ही महिलाओं व बच्चों के खेल तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर संरक्षक चौधरी संतोष कुमार, राजपाल आर्य, महामंत्री सुरेश आर्य कोषाध्यक्ष जीत सिंह, राजेश कुमार, गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, बच्चों ने सहभागिता की। इसके अलावा अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट की ओर से नरेला पंजाबी कॉलोनी स्थित अपना था मंदिर में फूलों से होली खेली गई। बच्चों व महिलाओं ने गीतों पर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। वहीं, नरेला सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब ने सफियाबाद रोड़ पर होली मंगल मिलन समारोह मनाया। क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने कहा कि होली का त्योहार राष्ट्रीय सदभावना का प्रतीक है। उक्त अवसर पर लोगों ने होली के गीत गाये। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी।

### कार्यालयों में खेली होली

रविवार को अवकाश होने के चलते कार्यालयों में ही होली खेली गई। लोगों ने बताया शनिवार को ही लोगों ने अपने कार्यालयों में गुलाल और फूलों के साथ होली पर्व मनाया।

## आप के होली न खेलने के फैसले के बावजूद भारती ने खेला रंग : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रदेश के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के विधायक और नई दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती की शनिवार सुबह श्री अरबिंदो कॉलेज के पास विजय पार्क में रंगों से होली खेलते हुए तस्वीरें जारी कीं। कपूर ने कहा कि शुक्रवार शाम आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने घोषणा की कि पार्टी कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में होली नहीं मनाएंगेए लेकिन 14 घंटे से भी कम समय के बाद शनिवार सुबह आप के सबसे वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती श्री अरबिंदो कॉलेज के पासए मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के विजय पार्क में सुबह की सैर करने वाले लोगों के चेहरे पर रंग लगाते दिखे और सभी को होली की शुभकामनाएं बांटते दिखे। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि इन तस्वीरों और वीडियो ने दिल्लीवासियों को आश्चर्यचकित कर दिया है क्योंकि इनमें पार्टी के फैसले और उनके राजनीतिक बॉस अरविंद केजरीवाल के प्रति सोमनाथ भारती का अनादर साफ दिखता है।

### आज होलिका दहन पर पुतला फूंकेगी आप : राय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ आम आदमी पार्टी आज पूरी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेगी। आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में किया जाएगा। 'आप' के इस विरोध प्रदर्शन में होलिका दहन के समय पुतला फूंका जाएगा और कैंडल मार्च निकाला जाएगा। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक ने कहा कि हम सबने देखा कि किस तरीके से मोदी सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। आज मोदी सरकार देश की संस्थाओं को खत्म करने में लगी हुई है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) EICHR_VECV_VE1110FB
REG. NO. UP86T6039-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRIC- 403292.01

2) TATAMOTORS LPT909CH
REG. NO. UP14JT4905-YOM- 2020
MINIMUM RESERVE PRICE-357420.32

3) SML_SMLSUPER
REG. NO. UP14HT7118 -YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE-432381.24

4) ASHOK_LEY AL_1214
REG. NO. HR38V8081-YOM -2016
MINIMUM RESERVE PRICE-351976.83

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 08-04-2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.,
PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

### इससे पहले भी कई बार दिल्ली में अश्लील वीडियो हो चुके है वायरल

# मेट्रो में दो लड़कियों का अश्लील तरीके से होली खेलने का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल एक बार फिर सुर्खियों में आई है। इस बार मेट्रो के अंदर दो लड़कियों द्वारा अश्लील तरीके से होली खेलने के वीडियो वायरल होने से चर्चा में है। वायरल हो रही वीडियो क्लिप में मेट्रो के अंदर दो लड़कियां होली के रंग लगाकर एक दूसरे के साथ अभद्र हरकते करती नजर आ रही है।

इस वीडियो में एक लड़की ने सफेद साड़ी और दूसरी ने सूट पहना हुआ है। दोनों लड़कियां होली को प्रदर्शित करने के लिए चलती मेट्रो के अंदर ही एक-दूसरे को फूहड़पन से एक दूसरे को रंग लगाती देखी जा सकती है। दोनों लड़कियों ने मेट्रो ट्रेन के फर्श पर बाकायदा एक कपड़े के ऊपर काफी मात्रा गुलाल अथवा रंग जैसी कोई चीज रखी हुई है। जबकि वीडियो में फिल्म रामलीला का गाना अंग लगा दे रे, मोहे रंग लगा दे रे, बज रहा है। जमकर वायरल हो रहे इस वीडियो पर सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की टिप्पणियां पढ़ने को मिल रही है। जहां कुछ लोग इसे अश्लीलता करार दे रहे हे तो वहीं कुछ लोग इसे प्रसिद्ध होने का शॉर्टकट बता रहे है। वहीं कुछ ऐसे भी लोग है जो इसके लिए डीएमआरसी को कोस रहे है। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में ऐसी वीडियो बनाना और बाद में वायरल होने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले दर्जनों बार ऐसे व इससे भी घटिया तरह के वीडियो वायरल हो चुके है। हालांकि डीएमआरसी अपने स्तर पर ऐसा करने वालों को रोकने के लिए कदम भी उठाती रही है। पकड़े जाने पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है, बावजूद इसके बार बार ऐसे वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल देखे जाते रहे है।

## आईटीओ और लोक कल्याण मार्ग स्टेशन यात्रियों के लिए दोबारा खोले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने शनिवार को आईटीओ और लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन के द्वार यात्रियों के लिए खोल दिए। डीएमआरसी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कोर्ट में पेशी के दौरान पुलिस की सलाह पर सुरक्षा के लिहाज से आईटीओ और लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन के दरवाजे अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिए थे। डीएमआरसी ने दोनों स्टेशनों के दरवाजे खोलने की सार्वजनिक घोषणा अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स पर पोस्ट पर की।

**गुमशुदा की तलाश**



अंजली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** अंजली **पत्नी:** लुखी, **निवासी:** झुग्गी नं. डी–71, 84 लेन, खैबर पास, सर्वेंट क्वाटर्स, सिविल लाईन्स, दिल्ली जो दिनांक 03.03.2024 से अपनी बेटी **नाम :** प्रिया, **उम्र** : 3 साल के साथ अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 104ए दिनांक 07.03.2024 थाना सिविल लाईन्स, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

**उम्र** : 30 साल, **कद:** 5′6″, **रंग** : सांवला, **चेहरा** : लम्बा, **शरीर** : पतला, **कपड़े** : आसमानी नीले रंग का सूट एवं चुन्नी और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला व उसकी बेटी के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपया करें। ईमेल: **cic@cbi.gov.in** वेबसाइट **http://cbi.nic.in**

**थानाध्यक्ष**
थाना सिविल लाईन्स, दिल्ली
उत्तरी जिला., दिल्ली
दूरभाष 011-23815444, 23810633, 8750870127

फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/3059/N/2024

## दिल्ली के शहीदी पार्क में एकजुट दिखे 'इंडिया गठबंधन' के नेता और समर्थक

# केजरीवाल के समर्थन में 'इंडिया गठबंधन' का प्रदर्शन, लोकतंत्र को बचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





सीएम अरविंद केजरीवाल के समर्थन में शनिवार को आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ दिल्ली के शहीदी पार्क में विशाल प्रदर्शन किया। इस दौरान इंडिया के नेताओं-समर्थकों ने देश के लोकतंत्र को बचाने और तानाशाह सरकार से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया। बलिदान दिवस पर आयोजित प्रदर्शन में पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ इंडिया गठबंधन के नेता और समर्थक एकजुट दिखे। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे मंत्री आतिशी समेत आप के नेताओं को रास्ते में रोक लिया, जिसके विरोध में कार्यकर्ता सड़क पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगे और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में कैबिनेट कैलाश गहलोत व सौरभ भारद्वाज, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, आप और कांग्रेस के विधायक, पार्षद, पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में इडिया गठबंधन के नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शहीदी पार्क में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समर्थन में एकत्र हुए इंडिया गठबंधन के नेताओं-कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि भगत सिंह ने 23 साल की उम्र में देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी थी। हम आज यहां उनको सलामी देने के लिए आए हैं। भगत सिंह देश में लोकतंत्र लाने के लिए शहीद हुए थे। लेकिन आज भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की आत्मा तड़प रही होगी कि जिस आजादी के लिए कुर्बानियां दी थीं, उस देश में अब लोकतंत्र बचा नहीं है। विपक्ष को प्रचार न करने दो, उसे चुनाव न लड़ने दो और विपक्ष के नेताओं को उठाकर सीधा जेल में फेंक दो। इस आजादी की कल्पना तो शहीदों ने नहीं की होगी। आज हम यहां शहीदों की प्रतिमाओं के सामने खड़े हैं। यह देखकर इनकी आत्मा तड़पती होगी। मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को तो जेल में डाल लोगे, लेकिन उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे? आज पूरे देश में इस बात को लेकर गुस्सा है कि बीजेपी इस देश में तानाशाही लाना चाहती है। मान ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर का संविधान खतरे में है। आज मैं 140 करोड़ देशवासियों से कहना चाहता हूं कि इकट्ठे हो जाओ, वरना ये देश बर्बादी की तरफ चला जाएगा। ये लोग ईडी, सीबीआई, सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग और नीति आयोग किसी की बात नहीं मानते हैं। इन्होंने देश को क्या समझ रखा है? ये देश किसी की जागीर नहीं है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा कि कोई कानून नहीं कहता कि अगर राजनीतिक साजिश के तहत किसी मुख्यमंत्री को जेल में बंद कर दिया जाए तो उसे इस्तीफा देना पड़ेगा। अभी वह दोषी साबित नहीं हुए हैं तो जेल से सरकार चला सकते हैं और रही बात चुनाव प्रचार की तो अरविंद केजरीवाल की सोच का प्रचार होगा। हर उम्मीदवार और हर वॉलंटियर केजरीवाल बनकर प्रचार करेगा।

## सील कर दिया गया आप कार्यालय, शिकायत के लिए चुनाव आयोग से मांगा समय : आतिशी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली में पार्टी का कार्यालय सभी ओर से सील कर दिया गया है और निर्वाचन आयोग के समक्ष इस मामले की शिकायत करने के लिए समय मांगा है। आतिशी ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद भी शुक्रवार को दिन भर आप के ऑफिस को पुलिस द्वारा सील कर के रखा गया और शनिवार को भी पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर आप नेताओं को आप ऑफिस जाने से रोका गया। इस कारण आप के लोकसभा उम्मीदवार और पार्टी नेता प्रचार की बैठकों के लिए पार्टी ऑफिस नहीं जा सके। दोपहर में पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर पार्टी ऑफिस का रास्ता बंद कर रखा था और आप नेताओं के तमाम अनुरोधों के बावजूद पुलिस ने किसी को भी आप ऑफिस जाने की अनुमति नहीं दी। आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक सहित तमाम नेताओं को आप के ऑफिस जाने से रोका गया। पुलिस के इस दमनकारी नीति पर आतिशी ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव है। ऐसे में हमें चुनावों से जुड़ी तैयारी करनी है, जरूरी बैठकें करनी है, अपनी रणनीतियां बनानी है लेकिन तानाशाही का रवैया अपनाते हुए एक राष्ट्रीय पार्टी के दफ्तर की चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर दी जाती है और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी दफ़्तर में जाने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप को चुनावों की तैयारी करने से रोकने के लिए हमारे नेताओं को हिरासत में डालने का प्रयास किया जा रहा है। तमाम एजेंसियों का इस्तेमाल कर हमें चुनाव में रोकने का प्रयास किया जा रहा है, आप विधायक गुलाब सिंह पर आईटी रेड इसी का उदाहरण है।

## अराजकता फैलाने और गुंडागर्दी करने में लगे हैं आप नेता : भाजपा

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी की बौखलाहट अब साफ दिख रही है और अब खुलेआम आप नेता सड़कों पर अराजकता फैलाने और गुंडागर्दी करने में लगे हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर आम आदमी पार्टी द्वारा जारी किए गए एक वीडियो को लेकर एक्स पर ही यह आरोप लगाए। सचदेवा ने कहा कि आप नेताओं को न अब कोर्ट पर भरोसा है न कानून व्यवस्था पर। सचदेवा ने कहा कि देखिए एक ऑन ड्यूटी पुलिस वाले से मंत्री आतिशी और आप नेता आदिल खान कैसे बहस कर रहे। उन्होंने कहा कि आप मंत्री हैं लेकिन कानून से बड़े नहीं पुलिस ने आपसे बस इतना पूछा कि कहां जा रहे? इतनी ड्रामेबाजी क्यों? बता दें कि सोशल मीडिया एक्स पर आप ने एक वीडियो साझा की जिसमें पीएम के प्रति अंसवैधानिक भाषा को लेकर लिखा है कि पीएम मोदी इतने डर गए हैं कि वे अब आप को चुनाव नहीं लड़ने देना चाहते हैं। मंत्री आतिशी को भी पुलिस जगह-जगह रोक रही है। पीएम मोदी एक काम करें, सब आप नेताओं और कार्यकर्ताओं को गोली मार दें, आपका काम आसान हो जाएगा वरना अगर आप नेता और कार्यकर्ता ज़िंदा रहे तो सुकून से तानाशाही नहीं करने देंगे।

## भारत को तानाशाही से बचाएंगे, लोकतंत्र के लिए मरते दम तक लड़ेंगे : महापौर



**नई दिल्ली।** भारत को तानाशाही से बचाएंगे, लोकतंत्र के लिए मरते दम तक लड़ेंगे। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने नगर निगम के शहीदी पार्क में शनिवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमाओं पर फूल चढ़ाए और श्रद्धांजलि देने के बाद उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी में हर एक नेता, हर कार्यकर्ता भगत सिंह का अनुयायी है। हम शहीदी दिवस पर प्रण लेते हैं कि भारत को तानाशाही से बचाएंगे, लोकतंत्र के लिए मरते दम तक लड़ेंगे।

## केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदेश भाजपा ने दिया धरना

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को चिलचिलाती धूप में राजघाट के समक्ष धरना देकर अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष का संकल्प लिया। इस दौरान शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्त केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि 22 जुलाई को उपराज्यपाल ने सीबीआई की जांच की सिफारिश कर दी थी जिसके बाद पहले मनीष सिसोदिया फरवरी में और संजय सिंह अक्टूबर में जेल गए हैं और फिर 2 नवंबर से लगातार समन ईडी भेज रही है लेकिन सीएम केजरीवाल उसकी अवहेलना कर रहे थे और जब कोर्ट गए और कोर्ट ने भी पूरी तरह से नकार दिया और जांच में शामिल होने की बात कही। अरविंद केजरीवाल जो हर बात में कहते हैं कि घोटाला नहीं हुआ फिर किस बात के लिए 100 करोड़ रुपए लिए गए। सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि केजरीवाल को यह भी समझना होगा कि जो जनता आपको सत्ता पर बैठाना जानती है वह जनता आपको गद्दी से उतारना जानती है। वहीं, सांसद तिवारी ने कहा कि केजरीवाल पर एक किताब लिखी जानी चाहिए जिसका नाम - सफर : स्वराज से शराब तक होना चाहिए।

## जेपी नड्डा को किया जाए गिरफ्तार : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने शनिवार का भाजपा पर करीब 60 करोड़ रुपए के मनी ट्रेल का आरोप लगाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की गिरफ्तारी की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी सार्वजनिक होते ही भाजपा और शराब कारोबारी शरत रेड्डी के बीच मनी ट्रेल का लिंक देश की जनता के सामने आ गया है। दिल्ली शराब मामले में गिरफ्तारी से पहले शरत रेड्डी ने भाजपा को 4.5 करोड़ दिए थे और गिरफ्तारी के बाद 55 करोड़ रुपए दिए। पार्टी का कहना है कि ईडी की तरफ से मुख्य साजिशकर्ता बनाया गया शरत रेड्डी का पूर्व में बयान था कि वह अरविंद केजरीवाल को नहीं जानता है। लेकिन जमानता मिलते ही शरत रेड्डी पलट गया और सरकारी गवाह बन गया। अब उसी शरत रेड्डी ने बयान के आधार पर सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। आतिशी ने पीएम नरेंद्र मोदी और ईडी को चुनौती देते हुए कहा कि शराब घोटाले में अब मनी ट्रेल मिल गया है।

## आप की नाटकीयता अदालत को नहीं कर सकती प्रभावित : भाजपा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी अपनी राजनीतिक उंगली उठाने की कला से लोगों के एक वर्ग को प्रभावित कर सकती है, लेकिन उनकी नाटकीयता अदालत को प्रभावित नहीं कर सकती। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सचिव बांसुरी स्वराज ने जेल में बंद सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी के प्रेस बयान पर उक्त प्रतिक्रिया देते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के शासन के एक दशक को खोखली आडंबर और खोखले इशारों में विश्वास के खतरों की याद दिलाते हुए याद किया जाएगा। वहीं, बांसुरी स्वराज ने कहा कि जो केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोलते थे आज जब खुद पर जांच की बात आई तो क्यों भागने लगे हैं और केजरीवाल की पत्नी सुनिता केजरीवाल की बाध्यता और वेदना दोनों ही समझा जा सकता है लेकिन इन सबके जिम्मेदार खुद अरविंद केजरीवाल हैं। केजरीवाल ने अपनी पार्टी में इस्तेमाल करने के लिए 100 करोड़ रुपये का कीकबैक शराब घोटाले में किया है।

# 'ढेरों शक्तियां भारत को करना चाहती हैं कमजोर, पहचान कर हराना इन्हें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

## सुनीता ने प्रेस कांफ्रेंस कर देशवासियों को पढ़कर सुनाया केजरीवाल का संदेश



भारत के अंदर और बाहर ढ़ेरों शक्तियां हैं, जो भारत को कमजोर करना चाहती हैं, हमें सचेत रहकर इन्हें पहचाना और हराना है। भारत में ढेरों देशभक्त हैं, जो देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमें इनसे जुड़कर भारत को दुनिया का नंबर-1 देश बनाना है। यह बातें अरविंद केजरीवाल ने ईडी हिरासत में भेजे अपने संदेश में कही हैं। अरविंद केजरीवाल का देशवासियों को संबोधित यह पहला संदेश है। शनिवार को सीएम की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रैसवार्ता कर उनके संदेश को पढ़कर देशवासियों को सुनाया। सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में दिल्ली की माताओं-बहनों से कहा है कि ऐसी सलाखें नहीं, जो आपके बेटे और भाई को ज्यादा दिन अंदर रख सकें। आप मुझ पर भरोसा रखें। मैं जल्द बाहर आऊंगा। सुनीता केजरीवाल ने प्रैसवार्ता में कहा कि आपके बेटे और भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए संदेश भेजा है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि मेरे प्यारे देशवासियों, मुझे कल गिरफ्तार कर लिया गया। मैं अंदर रहूं या बाहर रहूं, हर पल देश के लिए सेवा करते रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश के लिए समर्पित है, मेरी जिंदगी का एक-एक कतरा देश के लिए है। इस पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है। आजतक बहुत संघर्ष किए, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े-बड़े संघर्ष लिखे हैं। इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचम्भित नहीं करती है। सुनीता केजरीवाल ने सीएम का संदेश बताया कि आप से मुझे बहुत प्यार मिला है। पिछले जन्म में जरूर मैंने बहुत पुण्य किए होंगे, जो मैं भारत जैसे महान देश में पैदा हुआ हूं। हमें मिलकर फिर से भारत को महान बनाना है। दुनिया का सबसे शक्तिशाली और नंबर वन देश बनाना है। भारत के अंदर और बाहर ढेरों ऐसी शक्तियां हैं जो भारत को कमजोर कर रही हैं। हमें सचेत रहकर इन शक्तियों को पहचानना और हराना है। भारत के अंदर ही ऐसे ढेरों ताकतें हैं जो देशभक्त हैं और देश को आगे बढ़ाना चाहती हैं। इन ताकतों के साथ जुड़ना है और इन्हें और मजबूत करना है।

## 'माताओं-बहनों को एक हजार रुपए देने का वादा जरूर पूरा करूंगा'

सुनीता केजरीवाल ने सीएम के हवाले से बताया कि दिल्ली की मेरी मां-बहनें सोच रही होंगी कि केजरीवाल तो अंदर चला गया, पता नहीं अब हजार रुपए मिलेंगे या नहीं। मेरी सभी माताओं और बहनों से अपील है कि अपने बेटे और भाई पर भरोसा रखें। ऐसी सलाखें नहीं जो आपके बेटे और भाई को ज्यादा दिन अंदर रख सकें। मैं जल्द बाहर आउंगा और अपना वादा पूरा करूंगा। क्या आजतक कभी हुआ कि केजरीवाल ने कोई वादा किया और उसे पूरा नहीं किया। आपका भाई-आपका बेटा लोहे का बना है। बहुत मजबूत है।



# नगर आयुक्त ने शहरवासियों से की कचरा पृथक्करण की अपील

गाजियाबाद के लोगों को स्वास्थ्य विभाग संबंधित चार प्रकार के रंगों की जानकारी दी जा रही है जिसमें हरा, नीला, काला व पीला रंगों के बारे में बताया गया है तथा कचरा सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया है। जिसमें गाजियाबाद के लोगों को स्वास्थ्य विभाग संबंधित चार प्रकार के रंगों की जानकारी दी है जिसमें हरा, नीला, काला व पीला रंगों के बारे में बताया गया है तथा कचरा सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया है। शहर में कचरा सेग्रीगेशन पर प्राथमिकता पर कार्य चल रहा है स्वच्छ भारत मिशन की टीम शहर वासियों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के साथ जाकर कचरा सेग्रीगेशन के बारे में जागरूक कर रहे हैं।



## नगर निगम का अभिनव प्रयास, होली का रंग स्वच्छता के संग

### हरा, नीला, काला, पीला, डस्टबिन के चार रंग से कचरा सेग्रीगेशन को बढ़ावा दें

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है तथा शहर वासियों को चार प्रकार के डस्टबिन इस्तेमाल करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। हरा रंग* जिसमें गीला कचरा रखने के लिए बताया गया गीले कचरे में प्राकृतिक खाद्य पदार्थ सम्मिलित होते हैं जिसमें फल के छिलके सब्जियों के छिलके ऐसी वस्तुएं जो गल जाती हैं तथा जिनसे खाद बनता है सम्मिलित किया गया है, हरे रंग के डस्टबिन में डालने के लिए कहा गया है।। इसी तरह नीला रंग नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा डालने के लिए बताया गया है जिसमें प्लास्टिक, रैपर,गत्ता तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक व अन्य सामान को लिया गया है सूखे कचरे के लिए नीले रंग का डस्टबिन उपयोग में लेने के लिए बताया गया है।। काला रंग घरेलू हानिकारक कचरा जिसमें कांच ट्यूबलाइट बल्ब खराब बैटरी लोहा स्टील को सम्मिलित किया गया है तथा काले रंग की डस्टबिन में डालने के लिए अपील की गई है, इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा *पीले रंग* को स्वच्छता से जोड़ते हुए सेनेटरी कचरे के लिए पीला डस्टबिन इस्तेमाल करने के लिए अपील की गई है। सेनेटरी वेस्ट जिसमें इनफेक्टेड बांडेड पी किट मास्क ग्लव्स हानिकारक पैड इत्यादि को लिया गया है।। नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम टीम को शहर वासियों को जागरुक करते हुए चार रंग की आदत डालने के लिए कहा गया है, हरा नीला काला पीला रंग की आदत डालने के लिए शहर वासियों को जागरूक भी किया जा रहा है तथा स्वच्छता का संदेश प्रतिदिन गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों को दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### 27 को मुख्यमंत्री योगी का गाजियाबाद आगमन

**गाजियाबाद।** सीएम योगी आदित्यनाथ 27 मार्च को गाजियाबाद आएंगे। सीएम यहां प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।कार्यक्रम का आयोजन दीन दयाल ऑडिटोरियम में होगा। भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में महानगर क्षेत्र के डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, अधिवक्ता, साहित्यकार, उद्यमियों समेत 1500 लोग शामिल होंगे। सीएम ढाई बजे पहुंचेंगे।



### प्रेम बिहारी रायजादा को भारत रत्न दिलाने की मांग

**गुरुग्राम।** देश के लिए मूल संविधान को प्रवाहमयी इटैलिक शैली में हस्तलिखित करने के लिए प्रेम बिहारी नारायण रायजादा को भारत रत्न देने की मांग की गई है। देश का नाम इंडिया से भारत किए जाने की कानूनी लड़ाई के लिए याचिका डालने वाले नमह ने मांग की है कि संविधान लेखक प्रेम बिहारी नारायण रायजादा को भी भारत रत्न से 30 मार्च को सम्मानित किया जाए।



### फरीदाबाद में सीटू ने शहीदी दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन से संबंधित स्टार वायर कर्मचारी यूनियन व वाईएमसीए मिल कमेटी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का शहीदी दिवस अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया। कर्मचारियों ने कंपनी के मुख्य गेट पर तीनों शहीदों की तस्वीरों पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किए।

### एनजीओ संचालिका ने गलत जानकारी दी

**गाजियाबाद।** राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के स्वास्थ प्रकोष्ठ प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी ने एक एनजीओ संचालिका पर अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र की आशंका जताई है। एक बयान में डॉ. त्यागी ने बताया कि सीएमओ व सीएमएस व सरकारी अस्पताल की की शिकायत की। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल हियरिंग टेस्ट नहीं होते है। इसकी हक़ीक़त जानने के लिए वह वहां पहुंचे और सीएमओ व सीएमएस के तस्दीक की तो पता चला कि डीईआइसी नामक संस्था के द्वारा सुनने कि सभी जांच अस्पताल करा रहा है।

### देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने गस्त के दौरान अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी रहुल उर्फ बकरा को सेक्टर-31 से काबू किया है। उसके खिलाफ थाना सेक्टर-31 में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी देशी कट्टे को अलीगढ़ किसी अनजान व्यक्ति से शौक के लिए 8500 रुपए में खरीद कर लाया था।



## शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

# घर के बाहर खेल रही 6 साल की बच्ची से मजदूर ने की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे खेल रही छह साल की मासूम को युवक ने पैसे का लालच देकर उससे छेड़छाड़ की। आरोपी बच्ची को सुनसान जगह पर ले गया था। बच्ची के शोर मचाने पर वह मौके से भाग गया। आरोपी को बच्ची ने घर के पास घूमता देखा। माता-पिता ने घटना की जानकारी होते ही आरोपी को लोगों की मदद से दबोच लिया। इंदिरापुरम पुलिस ने उसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली मासूम बच्ची के पिता मजदूरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि दो दिन पहले बेटी घर के बाहर खेल रही थी। पत्नी भी किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान दीपक नाम का युवक बच्ची को खेलते देखकर उसके पास पहुंचा। पैसों का लालच देकर मासूम को सुनसान जगह ले गया।

> कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे खेल रही छह साल की मासूम को युवक ने पैसे का लालच देकर उससे छेड़छाड़ की। आरोपी बच्ची को सुनसान जगह पर ले गया था। कपड़े छेड़ते ही बच्ची शोर मचाने लगी और आरोपी मौके से भाग निकला।

**खास बातें**

- पैसों का लालच देकर मासूम को सुनसान जगह ले गया था आरोपी
- युवक को देखते ही बच्ची पहचान गई और माता पिता को दी पूरी जानकारी
- एसीपी ने बताया-आरोपी से पूछताछ जारी

### माता-पिता काम से बाहर गए थे, बच्ची को अकेला पाकर आरोपी ने दबोचा

वहां काफी अंधेरा होने के बीच आरोपी मासूम से छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने बच्ची के कपड़े छेड़े तो उसने शोर मचा दिया। उसके बाद बच्ची वहां से भाग गई। शोर सुनकर आरोपी वहां से भाग गया। आरोपी दोबारा बच्ची के घर के आसपास घूम रहा था। युवक देखते ही बच्ची पहचान गई और माता पिता को उसके बारे में बताया। दंपती ने आरोपी को लोगों की मदद से कुछ दूर पीछा करके पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस ने लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ नामजद छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

- कपड़े छेड़ते ही बच्ची शोर मचाने लगी
- लोगों ने आरोपी का पीछा कर पकड़ लिया



## जीडीए उपाध्यक्ष ने की समीक्षा

# संपूर्ति प्रमाण पत्र देने से पहले सुविधाओं की जांच करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने परवर्ती प्रवर्तन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी हालत में अवैध कॉलोनी न बनने दिया जाए। उन्होंने जीडीए की निस्तारित संपत्ति,भवन भूखंड आदि की समीक्षा की और उन्होंने अधिकारियों का आदेश दिया कि वह नियम का समीक्षा बैठक कानून के मुताबिक अमल करते हुए न संपत्ति का निस्तारण करें।

प्रमाण पत्र देने से पहले कॉलोनी में सुविधाओं की जांच करें। अतुल वत्स ने कहा कि किसी भी योजना की संपूर्ति प्रमाण पत्र देते समय यह भी देखना चाहिए कि संबंधित कॉलोनी में सभी जरूरी सुविधाएं हैं या नहीं। उन्होंने इंदिरा कुंज आवासीय योजना में आवश्यक सीवर अन्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वहीं इंदिरापुरम में निस्तारित भूखंडों का निस्तारण व बिक्री करने की योजना बनाने के निर्देश दिया। उन्होंने तुलसी निकेतन में संबंधित पूरी योजना का विस्तृत प्रस्ताव पेश करने को कहा। साथ ही इंद्रप्रस्थ योजना में निस्तारित संपत्ति व अवशेष भूखंडों के निस्तारण की निर्देश भी दिए।

### कई जिम्मेदार रहे मौजूद

कोयल एंक्लेव में उन्होंने ग्रुप हाउसिंग वह भवनों की बिक्री तथा संपति का निस्तारण करने के लिए आदेश दिए। उन्होंने जीडीए की महत्वपूर्ण आवासीय योजना मधुबन बापूधाम आवासीय योजना की समीक्षा बैठक किसी और दिन करने की बात की। इस बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक रंजन ,लवकेश, राजकुमार वर्मा, अजीत कुमार, अजीत बघड़िया,सहायक अभियंता रूद्रेश शुक्ला अधिकारी शामिल रहे।



# सूखे मेवे की पैकेजिंग फैक्ट्री में आग फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी के औद्योगिक क्षेत्र में सूखे मेवे की पैकेजिंग फैक्ट्री में आग लग गई। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। फैक्ट्री कर्मचारी भी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। त्योहार के चलते फैक्ट्री में काम अधिक चल रहा था।

फायर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक फायर स्टेशन लोनी को सूचना मिली थी कि ट्रॉनिका सिटी इंडसट्रियल एरिया के सेक्टर ए-2 में स्थित प्लॉट नंबर एफ-10 पर संचालित ₹औरो फ्रूट एंड वीकेसी नट प्राइवेट लिमिटेड₹ नामक कम्पनी में आग लगी हुई है।

लोनी फायर स्टेशन से घटनास्थल के लिए दो फायर टेंडर यूनिट रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर फायर कर्मियों ने देखा कि आग लगभग एक हजार वर्ग मीटर के प्लॉट पर बने दोमंजिला भवन के भूतल पर पैकेजिंग के लिए रखे कार्टून एवं बॉक्स के लॉट में लगी हुई है। आग ने भवन को दो तरफ से अपनी चपेट में ले लिया है।

# हरियाणा अनुसूचित जाति अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष बने प्रेमलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा अनुसूचित जाति अध्यापक संघ का जिला कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। चुनाव में प्रेमपाल अध्यक्ष, हंसराज को वरिष्ठ उपप्रधान, नेमसिंह सचिव, सुभाष चंद कोषाध्यक्ष तथा संजय कुमार को प्रेस सचिव चुना गया। ये चुनाव खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यकारिणी से पूर्व ब्लॉक समिति का चुनाव भी किया गया। इसमें फरीदाबाद ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, सचिव, कोषाध्यक्ष योगराज तथा बल्लभगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, सचिव रिंकू कर्दम को चुना गया। संघ के पूर्व प्रधान समय सिंह ने पिछले तीन साल के संस्था के कार्यो का ब्यौरा दिया।

नवचयनित जिलाध्यक्ष प्रेमपाल ने सभी का धन्यवाद किया और समाज के प्रति संघ के उद्देश्यों और कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करने का विश्वास दिलाया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद, रामकुमार, मुकेश कुमार, हरगोविंद, प्रवीण कर्दम, राकेश कुमार, प्रेम सिंह, प्रदीप, धनराज आदि हजरस के सदस्य और पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## पुलिस ने की शांतिपूर्वक तरीके से होली मनाने की अपील

# होली पर हुड़दंगबाज रहें सावधान पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने होली के अवसर पर शांति व्यवस्था काम रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशेष चौकसी बरतने के आदेश दिए हैं। तीनों जोनों की पुलिस की सार्वजनिक स्थानों तथा भीड़भाड़ वाले बाजारों पर कड़ी नजर रहेगी। असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई व सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने एरिया में गस्त व रात्रि में गस्त करने के दिशा निर्देश दिए है। सभी डीसीपी अपने अपने जोन की ड्युटियां चेक करेंगें।



पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने कहा कि इस शुभ अवसर पर नागरिकों, फरीदाबाद पुलिस के समस्त अधिकारियों व जवानों सहित उनके परिवारों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है और सभी नागरिक इसे उत्साहपूर्वक मनाते हैं।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों का होगा चालान

डीसीपी ट्रैफिक को त्यौहार के चलते नाकाबन्दी कर चैकिंग करके शराब पीकर गाडी चलाने वालों, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राईडर के चालान करने के निर्देश दिए है। सभी अपराध शाखाओं को मार्किट व भीड भाड वाले क्षेत्र में गस्त करने के निर्देश किए है। कुछ उपद्रवी लोग भांग या शराब के नशे वाहनों को तेज गति से सड़कों पर वाहन दौड़ाते हैं जिसके परिणामस्वरूप गंभीर दुर्घटनाएं घटित होती हैं।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि होली के अवसर पर कुछ लोग नशे में छोटी छोटी बातों के चलते आपस में लड़ाई झगड़ा करते हैं जिसकी वजह से दोनों पक्षों को गंभीर चोट पहुंचती है और भाईचारा बिगड़ता है। पुलिस प्रशासन की हुड़दंगबाजो और नशे का सेवन करने वाले उपद्रवियों के साथ सख्ती से पेश आएगा और उनके खिलाफ सख्त कानून कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने दीप की पत्नी बनकर बनवाया मृत्यु प्रमाण पत्र

# जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोबारा बेचने वाले 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी आर्थिक अपराध सेन्ट्रल प्रभारी मदन सिंह के मार्गदर्शन में आर्थिक अपराध शाखा टीम ने जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर दोबारा बिक्री के मुकदमें में 3 आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि प्रणव व अनुज पिता दीप ने वर्ष 1984-85 में गांव कोट पाली में, 33 बीघा,9 बिस्वा जमीन खरीदी थी। जिसमें से प्रणव व अनुज ने अपने हिस्से की 16 बीघा, 16 बिस्वा का जीपीए सतपाल को बेच दिया था तथा दीप ने अपनी जमीन 16 बीघा, 16 बिस्वा का जीपीए् प्रेम सिह



जटानी को बेचा था। जटानी ने प्रमोद सेठी को तथा प्रमोद सेठी ने सेठी एन कंपनी को जमीन बेचा था। जिसमें से सतपाल ने अपनी खरीदी हुई जमीन को टुकड़ों में बेच था। योजना के तहत अंकुर सूद , प्रणव बनकर, आरोपी राजीव उर्फ रिम्पी, अनुज बनकर तथा एक महिला लक्ष्मी देवी दीप की पत्नी बनकर जमीन की असली मालिक दीप का मृत्यु प्रमाण पत्र वर्ष 2002 में कोट गांव के पटवारी को दिखाकर रोजनामचा में इंतकाल दर्ज करवाया फिर आरोपियों ने दर्ज इंतकाल जमीन बडौली के अनिल कुमार को बेच दी थी। अनिल ने जमीन को रिटायर्ड डीसी प्रवीन कुमार की पत्नी के नाम बेच दिया।

जब प्रवीन कुमार जमीन का इंतकाल दर्ज कराने के लिए गए तो वहां पर पहले से ही सेठी कंपनी का इंतकाल दर्ज था। जिस पर सेठी एंड कंपनी के अधिकृत अधिकारी प्रमोद की तरफ से एक लिखित शिकायत दी। जांच के बाद अपराध शाखा द्वारा वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश की जा रही थी। आर्थिक अपराध शाखा अंकुर और अमन को लुधियाना से तथा आरोपी राजीव उर्फ रिम्पी को संगरुर पंजाब से गिरफ्तार किया गया है।

## गांव बहादरपुर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना पर बोले विधायक

# शहीदों के बलिदान के कारण हम आजाद हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, यह सब शहीदों के बलिदान के कारण है। वह यहां गांव बहादरपुर में शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से कहा कि आजादी सबसे कीमती चीज है। इसे हमारे लिए कमाने के लिए हमारे पुरखों ने बलिदान दिए, जेलों में गए और यातनाएं सहीं। इनमें भी शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। आज इन तीनों के बलिदान का दिन है।

### क्रांतिकारियों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए



अपने क्रांतिकारियों को कभी भी नहीं भूलना चाहिए और उनके चरित्र को हमेशा अपने दिलों में याद रखना चाहिए। नागर ने कहा कि हमारे देश की आजादी में शहीद भगत सिंह का बड़ा योगदान है। इसके लिए हमें उनका हमेशा ऋणी रहना चाहिए।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को स्थापित कर गांव के लोगों ने बड़ी मिसाल पेश की है। आज जब लोगों में अलग अलग तरह के भाव पैदा हो रहे हैं। वहीं गांव बहादरपुर के लोगों ने शहीद की प्रतिमा को स्थापित कर सबका दिल जीत लिया है। नागर ने कहा कि आज भाजपा की सरकारों में देश के असली योद्धाओं को सम्मान प्राप्त हो रहा हैए पदम पुरस्कार मिल रहे हैं और भारत रत्न मिल रहे हैं। नागर ने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव का समय है। हमारे वर्तमान सांसद एवं केंद्र में मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को भाजपा ने तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है। आप लोगों ने उन्हें पिछली दो बार भी बड़ी मात्रा में मतदान कर विजयी बनाया है और इस बार भी आप उन्हें रिकॉर्ड मतों से जिताकर संसद भेजें। जिससे कि देश में विकास का पहिया अपनी गति से चलता रहे। उन्होंने कहा कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें, मैं आपके हर दुख तकलीफ के लिए साथ बैठा हूं। इस मूर्ति की स्थापना शहीद भगत सिंह क्लब बहादरपुर द्वारा की गई है।

### ये नेता रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच सूरजपाल भूरा, ब्लॉक सदस्य सुनील कुमार, सुखबीर अधाना, ब्लॉक मैंबर जय भगवान, बिजेंद्र नंबरदार, चौधरी रमेश, चौधरी सतबीर, चौधरी हरपाल, चौधरी गजराज, संजय कौशिक, शीशपाल चौधरी, शहीद भगत सिंह क्लब बहादरपुर के सदस्य चिराग, अरुण, कपिल, सोनू आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिहार बोर्ड 12वीं रिजल्ट घोषित तुषार ने किया टॉप



**पटना।** बिहार बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी हो गया है। इस वर्ष इंटर का रिजल्ट कुल 87.21 फीसदी रहा। साइंस का रिजल्ट 87.7 %, कॉमर्स का रिजल्ट 94.88 % व आर्ट्स का रिजल्ट 86.15% रहा। बिहार बोर्ड इंटर रिजल्ट में आर्ट्स में पटना के तुषार कुमार ने 96.40% , साइंस में सीवान के मृत्युंजय कुमार ने 96.20%, कॉमर्स में शेखपुरा की प्रिया कुमारी ने 95.60% अंकों के साथ टॉप किया है।

### ईडी को बालू व हथियार तस्करी के मिले सबूत

**रांची।** यहां तुपुदाना ओपी की प्रभारी मीरा सिंह और युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव लाल मोहितनाथ



शाहदेव के चैट व मोबाइल डाटा से कई अहम खुलासे हुए हैं। इनमें सबसे बड़ा खुलासा आर्म्स की तस्करी से जुड़ा है। मीरा सिंह की डायरी और मोबाइल जांच से खुलासा हुआ है कि प्रतिदिन कई ट्रक बालू की तस्करी होती थी। इनमें खूंटी-रांची के सिंडिकेट लगे हुए थे, जिसके जरिए उगाही की जाती थी। वहीं मोहित लाल के मोबाइल से मिले साक्ष्य के मुताबिक, ईडी को आर्म्स तस्करी में उसकी संलिप्तता के सबूत भी मिले हैं।

### पत्नी के साथ खरीददारी कर रहे युवक की हत्या



**रांची।** यहां बेहद भीड़-भाड़ वाले इलाके में अपराधियों ने पत्नी के साथ होली की खरीददारी करने निकले युवक को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे गोली मार दी। उसे तत्काल मेन रोड स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक का नाम छोटू है। अपराधियों ने जिस तरह दो पिस्टल लहराते हुए व्यस्त इलाके में गोलीबारी की, उससे दहशत फैल गई। वारदात को अंजाम देने के बाद युवक भाग निकले।

## सीएम बोले-4 जून को आचार संहिता हटेगी, हमारी सरकार के पास 95 दिन

*हरियाणा कैबिनेट की बैठक में सरसों गेहूं खरीद पर चर्चा*

*सरकार ने इसके लिए रोडमैप तैयार किया, हमें कैसे आगे बढ़ना है इसकी पूरी तैयारी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मंत्रिमंडल विस्तार और मंत्रियों के पोर्टफोलियो आवंटन के बाद सीएम नायब सैनी की पहली कैबिनेट मीटिंग हुई। कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सभी विभाग के मंत्रियों को बधाई दी है। सभी मंत्रियों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है। हरियाणा प्रदेश लगातार विकास में आगे बढ़ रहा है। अभी आचार संहिता लगी हुई है, पानी और बिजली की प्रदेश में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। गेहूं की खरीद भी शुरू होने वाली है, और सरसों की खरीद भी 26 मार्च से शुरू होने वाली है। इस खरीद को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या दिक्कत ना आए तो इसको लेकर भी चर्चा की गई है। 4 जून को आचार संहिता हटेगी और उसके बाद हमारी सरकार के पास 95 दिन हैं। इन दिनों के लिए सरकार ने रोडमैप तैयार कर लिया है, हमें कैसे आगे बढ़ना है, इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

पानी और बिजली की प्रदेश में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे
■ सरसों की खरीद 26 मार्च से गेहूं खरीद एक अप्रैल से होगी
■ मंडियों में किसानों को खरीद को लेकर कोई परेशानी नहीं आने देंगे



### मीटिंग का नहीं मिलेगा आधिकारिक ब्योरा

सूबे के नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 14 कैबिनेट और राज्य मंत्रियों को शामिल किया गया है। इसमें छह कैबिनेट मंत्री और 7 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शामिल हैं। इस कैबिनेट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महज ऐसे फैसले ले सकते हैं, जो आचार संहिता के दायरे में नहीं आएंगे। हरियाणा में लोकसभा चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू है और ऐसे में कई चीजों पर पाबंदी लगी हुई है। आचार संहिता लग जाने के कारण कैबिनेट मीटिंग आधिकारिक तौर पर कोई ब्योरा भी नहीं दिया गया है।

### लोकतंत्र किसी को डकैती डालने की छूट नहीं देता

## मुख्यमंत्री राज्य का मालिक नहीं सेवक होता है, हम कानून से ऊपर नहीं : योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र कायम है, इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामला कोर्ट में है, इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत के दौरान कही।

**खास बातें**

- लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता
- हिन्दुस्थान की मूल आत्मा हिन्दू है, उसके सम्मान से समझौता नहीं कर सकते



### यूपी बन चुका है रेवेन्यू सरप्लस स्टेट

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उनकी सरकार का सात साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। तीन साल सरकार ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। हमें चार वर्ष ही अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने का मौका मिला। इसके बावजूद हमें यूपी की जीडीपी को दोगुना करने में सफलता मिली। आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। 2017 से पहले हमें अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक का पैसा नहीं होता था। कोई बड़ा बैंक हमें पैसा नहीं देता था।

### सीएम मथुरा से शुरू करेंगे अपना चुनावी अभियान

सीएम ने कहा कि भाजपा विकास की बात करती है। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म में यूपी में बहुत संभावनाएं हैं। वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गए हैं, उतना कोई भी सीएम नहीं गया। यही कारण है कि 2017 से पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में संभावनाओं के मामले में 100 गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई है।

### भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है सीएए

योगी ने सीएए पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासना विधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से भारत की नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था। इसके बदले अगर कोई हिंसा का रास्ता अख्तियार करता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

### उपेंद्र कुशवाहा को बड़ा झटका

## आरएलएम प्रदेश अध्यक्ष पत्नी संग नीतीश की जेडीयू में शामिल हुए



एजेंसी ▶▶ पटना

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को बड़ा झटका दिया है। आरएलएम के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा जेडीयू में शामिल हो गए। उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी ने भी जेडीयू की सदस्यता ग्रहण की है। बताया जा रहा है कि विजयलक्ष्मी कुशवाहा को जेडीयू सीवान लोकसभा सीट से टिकट देने जा रही है। उनके पति रमेश कुशवाहा जेडीयू से विधायक रह चुके हैं।

पटना स्थित जेडीयू दफ्तर में शनिवार शाम को मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें रमेश कुशवाहा और उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी ने आधिकारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान मंत्री विजय चौधरी, जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और राज्यसभा सांसद संजय झा समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### नीतीश कुमार के प्रति अपनी आस्था जाहिर की

जेडीयू के सभी नेताओं ने रमेश कुशवाहा और विजयलक्ष्मी का पार्टी में स्वागत किया। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि रमेश की घर वापसी हुई है। वह पहले जेडीयू के बड़े नेता रहे थे। मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि रमेश कुशवाहा 2015 से 2020 तक जेडीयू से विधायक रहे। 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपनी पत्नी के लिए टिकट मांगा था। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात भी की थी। मगर किन्हीं कारणों की वजह से विजयलक्ष्मी को टिकट नहीं मिल पाया था। बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। अब उन्होंने फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपनी आस्था जाहिर की है।

## पेज एक का शेष

### रॉक बैंड पिकनिक ...

पुतिन को बताया कि हिरासत में लिए गए 11 लोगों में से चार लोग सीधे इस हमले में शामिल थे। पुतिन ने कहा है कि एक-एक आतंकी को खोजकर मारेंगे। चाहे वह किसी भी देश में छिपा हो। उन्होंने हमले को बर्बर आतंकवादी कृत्य बतलाते हुए 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। एक अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी को पता चला था कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट समूह की शाखा मॉस्को में हमले की योजना बना रही थी और उन्होंने रूसी अधिकारियों के साथ जानकारी साझा की थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को इस जघन्य और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की निंदा की और दोषियों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भी कड़े से कड़े शब्दों में आतंकवादी हमले की निंदा की। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गौर हो कि रूस में इससे पहले अक्टूबर 2015 में इस्लामिक स्टेट ने सिनाई में रूस के एक यात्री विमान को निशाना बनाया था जिसमें विमान में सवार सभी 224 यात्रियों की मौत हो गई थी। इनमें से ज्यादातर मिस्र से छुट्टियां मनाकर लौट रहे रूसी नागरिक थे।

### आतंकी संगठन का...

आतंकी सगठन अपने चरम पर था। आईएसआईएस-के के पिछले कुछ बड़े हमलों पर गौर करें तो इसमें ईरान में किया गया बम विस्फोट, 2022 में काबुल स्थित रूसी दूतावास पर किया गया आत्मघाती हमला और 2021 में काबुल स्थित हवाई अड्डे पर किया गया हमला शामिल है।

### सीरियाई गृहयुद्ध में...

बनाए जाने में सीरियाई गृहयुद्ध की भूमिका सामने आती है। दरअसल, रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने 2015 में हस्तक्षेप करके विपक्ष और इस्लामिक स्टेट के खिलाफ राष्ट्रपति बशर अल-असद का समर्थन किया था। ऐसा करके पुतिन ने सीरियाई गृहयुद्ध का रुख बदल दिया था। पिछले दो वर्षों से आईएस-केपी के निशाने पर रूस है। आतंकी संगठन अक्सर पुतिन की आलोचना करता रहता है।

### होली के लिए...

ने कचनार के फूलों तथा गोरखनाथ पीठ में चढ़ाए गए फूलों से गुलाल बनाया है।

**परोसे जाएंगे पकवानः** परंपरानुसार रामलला के कपोल, हथेली के ऊपरी हिस्से और चरणों पर गुलाल लगाया जाएगा। इसके बाद मध्याह्न राजभोग और संगीत संध्या के साथ होली का उत्सव परिभाषित होगा, किंतु मर्यादा के अनुरूप रामलला को पुनः रंग नहीं लगाया जाएगा। राजभोग के लिए दो क्विंटल गुझिया सहित रसगुल्ला, दाल, चावल, पूड़ी, सब्जी, खीर आदि व्यंजन बनाए जाने की तैयारी है।

### संगरूर में जहरीली...

इसके अलावा लेबल वाली 130 बोतल नकली शराब, बिना लेबल वाली नकली शराब की 80 बोतलें, 4,500 खाली बोतलें और एक बॉटलिंग मशीन भी बरामद की है।

**लोकसभा चुनाव हो सकता था प्रभावितः** पुलिस ने बताया कि जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनसे पूछताछ से पता चला कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इलाके में नकली शराब बेचने का धंधा शुरू किया था। पुलिस ने कहा कि नकली शराब का गिरोह मतदाताओं को लुभाकर चुनाव को प्रभावित कर सकता था। भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और आबकारी शुल्क अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति को 72 घंटे में मामले पर रिपोर्ट देने को कहा गया है। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और जांच में जुटी है। शराब कौन-कौन से गांव में सप्लाई हुई है, कौन सप्लाई करने में शामिल है और कौन इसमें मदद कर रहा था?

### भोजशाला का दूसरे...

सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत सुनवाई से मना कर दिया। बता दें कि यह याचिका मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी ने दाखिल की है। जिसमें सर्वे से जुड़े हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। एएसआई की टीम ने मीडिया से कोई चर्चा नहीं की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एएसआई टीम रवाना हुई। हिंदू फ्रंट फार जस्टिस के गोपाल शर्मा और आशीष गोयल ने कहा कि कोर्ट के आदेश और नियमों के तहत ही अंदर सर्वे किया जा रहा है।

**खान बोले- 2004 के बाद रखे गए स्तंभ :** हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से गोपाल शर्मा और आशीष गोयल भी भोजशाला में हैं। वहीं, कल के सर्वे के दौरान नदारत रहे मौलाना कमाल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से याचिकाकर्ता और धार मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल समद खान भी शनिवार को भोजशाला पहुंचे। खान ने कहा कि नई चीजें और कुछ इशू पैदा किए जा रहे हैं, जैसे 2004 के बाद जो स्तंभ अंदर रखे गए उसको लेकर मुस्लिम समाज में कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए आवेदन भेजे। लेकिन, तमाम आपत्तियों के बाद भी उन स्तंभों को बाहर नहीं निकाला गया, अब उन स्तंभों को सर्वे में शामिल करना चाहते हैं। इस पर हमारी आपत्ति है।

### पीएम मोदी के खिलाफ...

भाजपा का दावा 400 सीटों पर जीत होगीः गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव कुल सात चरणों में करवाया जा रहा है। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, जबकि एक जून को सातवें एवं आखिरी फेज की वोटिंग होगी। चार जून को नतीजों का ऐलान होगा। भाजपा का जहां दावा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 370 से अधिक सीटें मिलेंगी, जबकि एनडीए 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उधर, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया अलायंस ने अपनी जीत का दावा किया है।

### कौन कहां से है उम्मीदवार...

| | | |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | | |
| रामटेक | - | रश्मी श्यामकुमार बर्वे |
| नागपुर | - | विकास ठाकरे |
| भंडारा-गोंदिया | - | डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले |
| गढ़चिरौली-चिमूर | - | डॉ. नामदेव दासाराम किरसन |
| मणिपुर | | |
| भीतरी मणिपुर | - | प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोजम |
| बाहरी मणिपुर | - | अल्फ्रेड कन्नगम एस. आर्थर |
| मिजोरम | | |
| मिजोरम (एसटी) | - | लालब्रकजामा |
| राजस्थान | | |
| जयपुर ग्रामीण | - | अनिल चोपड़ा |
| करौली धौलपुर | - | बजरंग लाल जाटव |
| नागौर | - | अन्य के लिए छोड़ी |
| तमिलनाडु | | |
| तिरुवेलूर (एससी) | - | ससिकांथ सेथिल |
| कृष्णागिरि | - | के गोपीनाथ |
| करूर | - | एस ज्योथिमनी |
| कुड्डलोरे | - | डॉ. एमके विष्णु प्रसाद |
| सिवगंगा | - | ए. कार्ति पी चिदंबरम |
| विरुधुनगर | - | बी. मानिकक्कम टेगोर |
| कन्याकुमारी | - | विजय वसंथ |
| उत्तरप्रदेश | | |
| सहारनपुर | - | इमरान मसूद |
| अमरोहा | - | दानिश अली |
| फतेहपुर सीकरी | - | राम नाथ सिकरवार |
| कानपुर | - | आलोक मिश्रा |
| झांसी | - | प्रदीप जैन आदित्य |
| बाराबांकी (एससी) | - | तनुज पुनिया |
| देवरिया | - | अखिलेश प्रताप सिंह |
| बांसगांव (एससी) | - | सदन प्रसाद |
| वाराणसी | - | अजय राय |
| उत्तराखंड | | |
| नैनीताल-उधमसिंह नगर | - | प्रकाश जोशी |
| हरिद्वार | - | विरेंद्र रावत |
| पश्चिम बंगाल | | |
| कूचबेहर (एससी) | - | श्रीमती पिया रॉय चौधरी |

## किसान को मगरमच्छ ने दबोचा जबड़े में दबाकर जमीन पर घसीटा



एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

यहां खेत की रखवाली करने गए किसान पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया है। इस हमले में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मगरमच्छ ने किसान के शरीर के कुछ हिस्से भी खा गया। जानकारी होने पर तमाम ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। दूसरी ओर सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, वन विभाग की टीम ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना कर ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

### शव नदी किनारे पड़ा मिला

घटना थाना सुनगढ़ी के गांव भगा मोहम्मद गंज का है। जहां देवहा नदी के किनारे स्थित गांव के ही 70 साल के रामभरोसे का खेत है। वह अपने खेत की रखवाली करने गए हुए थे। उनका खेत नदी के किनारे पर है। शनिवार सुबह तक जब वह घर वापस नहीं आए तो परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन करना शुरू की। उनका शव नदी किनारे खेत के समीप ही पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

### बदायूं में डबल मर्डर का मामला

## 60 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज, सीसीटीवी फुटेज से पुलिस कर रही पहचान



एजेंसी ▶▶ बदायूं

यहां दो बच्चों की हत्या के बाद बवाल करने वालों की अब खैर नहीं। सीसीटीवी फुटेज और मौके पर बनाई गई वीडियो के आधार पर अब बवालियों की पहचान होगी। बवालियों की पहचान कराने के लिए तीन टीमें बनाई गईं हैं। वारदात के बाद तोड़फोड़ और आगजनी करने के मामले में पुलिस ने 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### शव को ले जाने नहीं दिया था

शहर की बाबा कॉलोनी में 19 मार्च की रात दो बच्चों की हत्या के बाद भीड़ में शामिल लोगों ने जमकर उत्पात किया था। चार खोखे जला दिए थे। हत्यारोपी साजिद की दुकान का शटर तोड़कर अंदर से सामान निकालकर सड़क पर रखकर आग लगा दी गई थी। कई पुलिस कर्मियों और पत्रकारों से हाथापाई तक कर दी गई थी। कई लोगों के मोबाइल तोड़ दिए गए थे। एंबुलेंस के सामने हंगामा किया था और शवों को ले जाने नहीं दिया था। जिन लोगों ने बवाल किया था, उनके खिलाफ बुधवार रात एफआईआर दर्ज कर ली गई थी।

## सांसद हेमा मालिनी ने खेली फूलों की होली, नृत्य से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

एजेंसी ▶▶ मथुरा

भारतीय जनता पार्टी ने होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में राधा कृष्ण की छवि के रूप में कलाकारों ने होली के गीतों पर समां बांधा और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी और सांसद हेमा मालिनी ने भी होली के गीतों पर कलाकारों के साथ खुद भी नृत्य किया और जमकर फूलों की होली खेली। होली मिलन समारोह में हेमा मालिनी ने कहा कि ब्रज में होली की धूम मची हुई है। यही नहीं सांसद राधा-कृष्ण की लीलाओं से जुड़े मयूर नृत्य में भी कलाकारों के साथ खूब थिरकीं। इस अवसर पर उन्होंने होली की सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि इस बार चार सौ पार के मोदीजी के सपने को हम सब साकार करेंगे।



### कार्यक्रम में मुख्य तिथि के रूप में पहुंची थीं

बीएसए कालेज रोड स्थित मुकुंद वाटिका में भाजपा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि निर्वतमान सांसद हेमा मालिनी रहीं। जैसे ही हेमामालिनी ने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश किया, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद स्वागत-अभिनंदन के बाद हेमा मालिनी स्टेज पर पहुंची।

### 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं, रंगों में रंग मिल जाते है' गाया

उन्होंने राधा-कृष्ण स्वरूप कलाकारों के साथ फूलों की होली खेली। उन्होंने कई फोटो भी राधा की तरह श्रीकृष्ण स्वरूप में खिंचवाए। उन्होंने मयूर नृत्य कर रहे कलाकारों के साथ अपनी नृत्य कला का भी प्रदर्शन किया। शास्त्रीय नृत्य में महारत रखने वाली हेमा मालिनी के नृत्य को देखकर स्टेज पर मौजूद अन्य कलाकार एकदम फीके पड़ गए। इस दौरान उनका ध्यान भी खुद की बजाय हेमा मालिनी के ही नृत्य पर केंद्रित हो गया।

